वर्ष - 2 , अंक - 359

छपरा

18 नवंबर मंगलवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live


## रूस से देश लाया गया भारतीय छात्र अजीत का शव

### अलवर में हुआ अंतिम संस्कार



**जयपुर,एजेंसी।** रूस में लापता हुए राजस्थान के अलवर जिले के 22 वर्षीय मेडिकल छात्र अजीत चौधरी का शव सोमवार सुबह उनके पैतृक गांव लाया गया। उनके गांव कफनवाड़ा में मातम पसरा रहा, जहां परिवार और ग्रामीण युवा छात्र को अंतिम विदाई देने के लिए जुटे।

**करीब दो हफ्ते से लापता था भारतीय छात्र** :अजीत चौधरी रूस के उफा शहर के बश्किर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे थे। वे 19 अक्तूबर से लापता थे। करीब दो हफ्ते बाद, 6 नवंबर को उनका शव व्हाइट रिवर के पास एक बांध में मिला। छात्र के मौत की खबर मिलते ही परिवार पर मानो आसमान टूट पड़ा।

**पैतृक गांव में किया गया अंतिम संस्कार**:परिजन भंवर सिंह ने बताया कि रूस में एक बार पोस्टमॉर्टम किया गया था। भारत पहुंचने के बाद सोमवार को अलवर के जिला अस्पताल में दोबारा पोस्टमॉर्टम किया गया। इसके बाद शव को गांव ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

## सोनभद्र की खदान में 45 घंटे से रेस्क्यू, 5 शव मिले, 9 की तलाश



**सोनभद्र,एजेंसी।** यूपी के सोनभद्र में खदान हादसे में दबे मजदूरों को निकालने के लिए 45 घंटे से अधिक समय से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा। NDRF-SDRF की टीमें पत्थरों को हटाने में जुटी हुई हैं लेकिन अभी तक स्पॉट तक वे नहीं पहुंच सकी हैं। पानी से भरी खदान का हर इंच रेस्क्यू को और मुश्किल बना रहा है। हर गिरते बोल्डर के साथ नई चुनौती सामने आ रही है। डीएम बीएन सिंह ने बताया कि 70 से 75 टन वजनी चट्टानों को हटाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। डॉग स्कायड गहराई में छिपे जीवन के किसी संकेत की तलाश में जुटा है। खदान से कुछ दूरी पर परिजन और गांववाले डेरा डाले हुए हैं। परिजन खदान के बाहर हर आवाज पर चौक जा रहे कि शायद कोई बचा हो, शायद कोई पुकार सुनाई दे जाए।

हादसा 15 नवंबर (शनिवार) को दोपहर करीब 3 बजे ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली स्थित कृष्णा माइनिंग स्टोन की खदान में हुआ था। ड्रिलिंग के दौरान पहाड़ का 100 फीट हिस्सा टूटकर गिर गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 14 मजदूर मलबे में दब गए थे।

प्रत्यक्षदर्शी राजू यादव ने बताया था कि खदान में नौ कंप्रेशर पर कई मजदूर काम कर रहे थे। इसी बीच पहाड़ टूट गया। कुछ मजदूरों ने भागकर जान बचाई तो कुछ मलबे में दब गए। उधर, मलबे से अब तक 5 शव मिल चुके हैं। इनमें से 4 की पहचान हो चुकी है। रविवार देर रात रेस्क्यू टीम ने 2 शव बरामद किए। अभी भी 9 मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है।



# शेख हसीना को फांसी की सजा सुनाई गई, मानवता के खिलाफ अपराधों में दोषी करार

### ढाका में प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने के आदेश

**ढाका,एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना और पूर्व गृहमंत्री आसदुज्जमान खान कमाल को फांसी की सजा सुनाई गई है। उन्हें ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने मानवता के खिलाफ अपराधों का दोषी ठहराया है। ट्रिब्यूनल ने उन्हें 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं का मास्टरमाइंड कहा है।

हसीना के फैसले को लेकर देशभर में हिंसा जारी है। सरकार ने हाई अलर्ट की घोषणा कर दी है। ढाका में 15,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इन्हें हिंसक प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश दिया गया है। शनिवार देर रात से रविवार सुबह तक ढाका में दो बसों को आग लगा दी गई। फैसले के बाद हिंसा और बढ़ने की आशंका को देखते हुए देशभर में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

**शेख हसीना के बेटे बोले- मेरी मां भारत में सुरक्षित** :अल जजीरा के मुताबिक शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने कुछ दिन पहले पत्रकारों से कहा था कि उन्हें पहले से पता है कि उनकी मां को मौत की सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हसीना भारत में सुरक्षित हैं और भारतीय सुरक्षा एजेंसियां उनकी पूरी रक्षा करेंगी।

वाजेद ने कहा कि शेख हसीना 5 बार प्रधानमंत्री रही हैं और देश में उनके बहुत समर्थक हैं। उनकी पार्टी अवामी लीग बांग्लादेश की दो सबसे बड़ी पार्टियों में से एक है। इसलिए वे इस फैसले को हल्के में नहीं लेंगे।

**तीनों आरोपी कहां हैं?**

शेख हसीना के अलावा, इस मामले में अन्य दो आरोपी पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान और पूर्व IGP चौधरी अब्दुल्ला अल-ममून हैं। तीनों आरोपियों में से शेख हसीना और असदुज्जमां फरार हैं। दोनों अब भारत में रह रहे हैं। वहीं, तीसरे आरोपी चौधरी अब्दुल्ला अल-ममून सरकारी गवाह बन चुके हैं।

**पूर्व बांग्लादेशी IGP ने कोर्ट से माफी मांगी** :बांग्लादेश के पूर्व IGP ममून ने कोर्ट से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैंने कोर्ट का पूरा साथ दिया। ममून ने माना कि वह हिंसा में शामिल थे। उन्होंने बताया कि 4 लोगों ने मिलकर साजिश की। वे सभी पीएम के आवास पर रोज मीटिंग करते थे।

ममून ने कहा कि उन्होंने 36 साल की सर्विस में कोई जुर्म नहीं किया। इस घटना ने उसकी छवि खराब की है। उनकी दलील सुनने के बाद जज ने कहा है कि हम कम सजा देंगे।



# मक्का से मदीना जा रहे 45 भारतीयों की मौत

### उमरा के लिए जा रही बस डीजल टैंकर से टकराकर जली; सिर्फ ड्राइवर जिंदा बचा

**रियाद,एजेंसी।** सऊदी अरब में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और इसमें आग लग गई। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, हादसे में सिर्फ बस का ड्राइवर ही जिंदा बचा।

हैदराबाद पुलिस के मुताबिक, 9 नवंबर को 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे। वे 23 नवंबर को वापस आने वाले थे। इनमें से 4 लोग रविवार को कार से अलग से मदीना गए थे। वहीं 4 लोग मक्का में रुक गए थे। दुर्घटना वाली बस में 46 लोग सवार थे।

मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला।

तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें।

**12 मृतकों के नाम सामने आए :** हादसे में मारे गए लोगों में से 12 भारतीय पीड़ितों की पहचान हो पाई है, उनमें अब्दुल मोहम्मद, मोहम्मद मौलाना, सोहेल मोहम्मद, मस्तान मोहम्मद, परवीन बेगम, जकिया बेगम, शौकत बेगम, फरहीन बेगम, जहीन बेगम, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अली, गौसिया बेगम शामिल हैं।



### भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन जारी किया है। दूतावास ने कहा , सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा तीर्थयात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए , जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में 24×7 कंट्रोल रूम बनाया हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है। घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें। परिवारजन इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं- 79979-59754 और 99129-19545।

### पीएम मोदी बोले- पीड़ितों को हरसंभव मदद दे रहे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी बस दुर्घटना पर दुख जताया। एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि रियाद में वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने X पर कहा, मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हमारे अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।

### ओवैसी ने शवों को भारत लाने की अपील की



हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सऊदी अरब में भारतीय उमरा यात्रियों की बस दुर्घटना पर दुख जताया है। न्यूज एजेंसी एएनआई से फोन पर बातचीत में ओवैसी ने बताया कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और यात्रियों की जानकारी रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ साझा की है। उन्होंने रियाद में भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन (DCM) अबू मैथन जॉर्ज से भी बात की। जॉर्ज ने उन्हें बताया कि स्थानीय अधिकारियों से जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही अपडेट दिया जाएगा। ओवैसी ने कहा-

मैं केंद्र सरकार से, खासकर विदेश मंत्री जयशंकर से अपील करता हूं कि शवों को जल्द ले जल्द भारत लाया जाए और घायलों को जरूरी चिकित्सा मुहैया कराई जाए।

### बीआरएस विधायकों की अयोग्यता का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना स्पीकर को भेजा अवमानना नोटिस



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बीआरएस विधायकों के अयोग्यता मामले पर तेलंगाना के स्पीकर को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह नोटिस, विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेने के निर्देश का पालन न करने के लिए जारी किया। बीती 31 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने विधानसभा स्पीकर को निर्देश दिया था कि वे तीन महीने के भीतर बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लें।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना का आरोप** :हालांकि स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद तय समयसीमा के भीतर फैसला नहीं लिया। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई, जिस पर सुनवाई के दौरान पीठ ने इसे अदालत की घोर अवमानना माना और स्पीकर को नोटिस जारी किया है। हालांकि पीठ ने तेलंगाना स्पीकर को अभी अगले आदेश तक अदालत में पेश होने से छूट दे दी है।

**तेलंगाना स्पीकर कार्यालय ने भी दायर की याचिका** :तेलंगाना विधानसभा स्पीकर कार्यालय की तरफ से भी सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई, जिसमें विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेने के लिए आठ हफ्तों का समय और देने की मांग की गई है। इस याचिका पर भी अदालत ने नोटिस जारी किया है। स्पीकर ऑफिस की तरफ से पेश हुए वकील ने बताया कि विधायकों की अयोग्यता संबंधी चार मामलों पर सुनवाई पूरी हो चुकी है और तीन अन्य में सबूत रिकॉर्ड किए जा चुके हैं। इस पर सीजेआई ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ये अब तक पूरा हो जाना चाहिए था। यह अदालत की घोर अवमानना है।

### कॉर्बेट टाइगर रिजर्व अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, उत्तराखंड सरकार को दिए निर्देश

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तराखंड सरकार को निर्देश दिया कि जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में जो भी नुकसान हुआ है, उसकी पूरी क्षतिपूर्ति की जाए। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत में डाली गई याचिका में पेड़ों की अवैध कटाई और गैरकानूनी निर्माण के खिलाफ याचिका डाली गई थी। इसे लेकर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त की गई केंद्रीय सशक्त समिति (सीईसी) से परामर्श कर तीन महीने के अंदर सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त करना सुनिश्चित करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सीईसी उत्तराखंड द्वारा तैयार की गई पारिस्थितिक पुनर्स्थापन योजना की निगरानी करेगी। अदालत ने राज्य सरकार को अवैध पेड़ कटाई की भरपाई के लिए कदम उठाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई ने कहा, अगर पर्यटन को बढ़ावा देना है, तो यह इको-टूरिज्म के तौर पर होना चाहिए।

# दिल्ली ब्लास्ट:एनआईए ने आतंकी डॉ. उमर को सुसाइड बॉम्बर माना

### ● वो कब-कहां गया, रूट रीक्रिएट करने की तैयारी; 50+ सीसीटीवी कैमरों में आई-20 कार कैद



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में लाल किले के पास चांदनी चौक में 10 नवंबर को हुंडई आई20 कार में ब्लास्ट सुसाइड अटैक ही था। NIA ने रविवार को बताया कि कार चला रहा डा. उमर उल नबी एक आत्मघाती हमलावर (सुसाइड बॉम्बर) था। यह पहली बार है, जब किसी सुरक्षा एजेंसी ने ऑफिशियल तौर पर इसकी पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक अब सुरक्षा एजेंसियां उमर के पूरे मूवमेंट को रीक्रिएट करने की तैयारी में हैं। इसके लिए ब्लास्ट से पहले आतंकी का पूरा रूट मैप तैयार करेगी। इसमें वह ब्लास्ट से पहले कब और कहां-कहां गया था, इसे शामिल किया जाएगा।

रूट मैप को 50 से ज्यादा CCTV कैमरों में कैद हुई आई-20 कार के फुटेज के आधार पर क्रिएट किया जाएगा। इसके जरिए यह पता लगाया जाएगा कि फरीदाबाद से दिल्ली पहुंचने तक, क्या कोई व्यक्ति उससे मिला, उसका पीछा किया या उसकी मदद की। सूत्र ने बताया कि उमर ने NCR में कितने घंटे बिताए, यह समझने के लिए सभी बिंदुओं को जोड़ना बेहद जरूरी है।

### पठानकोट का डॉक्टर पूछताछ के बाद छोड़ा

#### बोला- अंबाला के बजाय दिल्ली ले गए, अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉ. उमर को लेकर 3 सवाल पूछे



**जालंधर,एजेंसी।** पंजाब के पठानकोट स्थित व्हाइट मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर रईस भट्ट से सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ पूरी हो गई। इसके बाद रविवार को डॉक्टर को भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचे डॉक्टर भट्ट ने बताया कि उनसे दिल्ली में ब्लास्ट करने वाले डॉ. उमर नबी के बारे में 3 सवाल पूछे गए। उनसे पूछा गया कि डॉ. उमर से कहां मुलाकात हुई? कभी बातचीत या चैट हुई है क्या? डॉ. भट्ट का कहना है कि उन्होंने इन सभी सवालों का जवाब दिया। इसके बाद मेडिकल करवाकर उन्हें जाने दिया गया।

### धमाके वाली जगह के पास 9 एमएम की 3 गोलियां मिली

वहीं धमाके वाली जगह के पास मलबे से पुलिस को 9 एमएम की 3 गोलियां मिली हैं, जिनमें से दो जिंदा कारतूस हैं। एक सूत्र ने रविवार को बताया कि मौके से कोई हथियार नहीं मिला। जली हुई कार के पास सिर्फ गोलियां कैसे पहुंचीं, इसकी जांच की जा रही है। यह गोलियां सिर्फ विशेष सुरक्षा यूनिट्स या परमिशन मिलने वाले लोग ही अपने पास रख सकते हैं। आम नागरिकों को इसे रखने की इजाजत नहीं है। सूत्र के अनुसार, मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों से भी उनके हथियारों की जांच करने को कहा गया, लेकिन कोई भी कारतूस गायब नहीं मिला।

### महबूबा बोलीं- कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंजी, सरकार का वादा था- जम्मू-कश्मीर सुरक्षित होगा, दिल्ली ही खतरे में आ गई



**श्रीनगर,एजेंसी ।** पीडीपी चीफ और जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि 10 नवंबर को लाल किले पर हुआ विस्फोट देश भर में बढ़ती असुरक्षा की भावना और जम्मू-कश्मीर में केंद्र की नीतियों की विफलता को दिखाता है। महबूबा ने कहा- आपने दुनिया को बताया कि कश्मीर में सब कुछ ठीक है, लेकिन कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंज रही हैं। आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है। दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर की शाम कार ब्लास्ट हुआ था।

### आर्मी चीफ बोले- ऑपरेशन सिंदूर 88 घंटे का ट्रेलर था:

# पाकिस्तान फिर मौका देगा तो जवाब और कड़ा होगा; आतंक फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई जरूरी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि फिल्म तो शुरू भी नहीं हुई थी, बस 88 घंटे का ट्रेलर दिखा था। अगर पाकिस्तान फिर मौका देता है तो हम उन्हें बताने में पीछे नहीं हटेंगे कि जिम्मेदार देश पड़ोसियों से कैसे पेश आते हैं।

आर्मी चीफ दिल्ली में चाणक्य डिफेंस डायलॉग के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत प्रगति की बात करता है, इसलिए जो





लोग आतंक फैलाते हैं, उन्हें रोकने के लिए सख्त कदम जरूरी हैं।

आर्मी चीफ ने बताया, भारतीय सेना भविष्य को जमीन से जुड़कर देखती है। हम पांच जेनरेशन के वॉरफेयर में लड़ रहे हैं और सेना उसी के अनुसार खुद को बदल रही है। पहले युद्ध में फैसले लेने में दिन लग जाते थे, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। अगर युद्ध 48 घंटे में भी लड़ना पड़े तो देश की पूरी ताकत एक साथ लगानी होगी। जनरल द्विवेदी ने कहा कि असली ताकत वही होती है जब दुश्मन को यकीन हो कि अगर उसने कोई गलती की तो भारत तुरंत कार्रवाई करेगा। आज भारत की डिफेंस क्षमता इतनी मजबूत हो चुकी है कि सामने वाला देश हमारे इरादों को गंभीरता से लेता है।

### सेना को मिलेंगी स्वदेशी लेजर आधारित एंटी-ड्रोन प्रणाली, अब दो किलोमीटर दूर से ही दुश्मन ड्रोन होंगे ढेर



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय सेना और वायुसेना अब ड्रोन खतरों का मुकाबला और मजबूती से कर सकेंगी क्योंकि दोनों सेनाएं पहली बार 16 स्वदेशी ड्रोन-रोधी प्रणाली खरीदने जा रही हैं। ये नई एंटी-ड्रोन प्रणालियां दो किमी की दूरी से ही दुश्मन के ड्रोन को लेजर बीम से निष्क्रिय कर सकेंगी। हाल के वर्षों में दुश्मन देशों और आतंकी संगठनों द्वारा बढ़ते ड्रोन इस्तेमाल ने सुरक्षा एजेंसियों को चिंता में डाला है। इसी चुनौती का सामना करने के लिए सरकार और रक्षा तंत्र तेजी से कदम उठा रहे हैं। रक्षा मंत्रालय जल्द ही रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित उन्नत इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम (आईडीडीएस मार्क-2) को मंजूरी देने की तैयारी में है। अधिकारियों के अनुसार यह प्रणाली लेजर आधारित 10 किलोवॉट बीम से लैस है, जो पहले संस्करण की तुलना में दुगुनी दूरी से दुश्मन ड्रोन को तबाह कर सकती है। पहले संस्करण की क्षमता सिर्फ एक किमी तक सीमित थी।

**उन्नत लेजर हथियारों की दिशा में बड़ा कदम** :नई प्रणाली की खासियत यह भी है कि यह न सिर्फ ड्रोन को मार गिरा सकती है, बल्कि उनके सेंसर और संरचना को भी क्षतिग्रस्त कर ऑपरेशन को पूरी तरह रोक देती है। भारत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से बड़े पैमाने पर ड्रोन इस्तेमाल के बाद लेजर आधारित इंटरसेप्शन सिस्टम पर तेजी से काम कर रहा है।

# रक्सौल में 25 ग्राम स्मैक के साथ चार कारोबारी गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण,एजेंसी।** पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिले के रक्सौल थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रक्सौल थाना इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में टीम ने जोकीयारी गांव स्थित एक बगीचे में छापेमारी कर तीन स्मैक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान भगवानपुर कौड़िहार निवासी श्याम बाबू साह, कौड़िहार धांगड़टोली निवासी दीपक कुमार और कौड़िहार निवासी श्रवण कुमार गुप्ता को रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जिनके पास से लगभग 25 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने स्मैक सप्लाई करने वाले रक्सौल मौजे निवासी रामचंद्र महतो का नाम उजागर किया, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसके घर छापेमारी कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि थाना क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार को समाप्त करने के लिए पुलिस लगातार सघन अभियान चला रही है। जिसके तहत अब तक 200 से अधिक नशे के कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि नशे के अवैध व्यापार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और अभियान इसी तरह जारी रहेगा।

# रेल डिपो और प्लेटफॉर्म के शेड पर सोलर पैनल लगेगा



**पटना,एजेंसी।** पटना रेलवे डिपो के ट्रैक और बड़े स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर सोलर पैनल लगेंगे। पूर्व मध्य रेल के दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, धनबाद और डीडीयू मंडल में करीब 350 मीटर सोलर पैनल बिछाया जाएगा। शुरुआत में हर मंडल में 15 किलोवाट क्षमता वाला सोलर पैनल लगेगा। पांचों मंडलों में 75 किलोवाट पैनल से प्रति वर्ष करीब 1 लाख 44 हजार यूनिट बिजली पैदा होगा। इससे रेलवे को राज्य सरकार से बिजली कम लेनी पड़ेगी। पटना जंक्शन, दानापुर स्टेशन, राजेंद्रनगर टर्मिनल सहित पूर्व मध्य रेल के एक दर्जन स्टेशनों के शेड पर पैनल लगाने के लिए सर्वे चल रहा है। रेलवे अधिकारी ने कहा कि स्टेशन पर होने वाली बिजली की खपत को कम करने और रेलवे को राजस्व बचाने के लिए यह पहल की जा रही है। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने कहा-पूर्व मध्य रेल के कुछ स्टेशनों और प्लेटफॉर्म के शेड पर सोलर पैनल से बिजली पैदा की जा रही है। पांचों रेलमंडल के अन्य बड़े स्टेशनों और शेड पर पैनल लगाकर बिजली पैदा की जाएगी।

**सोलर पैनल लगाने के फायदे:** बिजली नहीं रहने पर भी स्टेशन जगमग रहेंगे। बिजली बिल कम होगा। यह पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से किफायती है। पैनल 25-30 साल तक चलता है। ज्यादा रखरखाव की जरूरत नहीं।

# बढ़ी चिंता : पटना में डेंगू का संक्रमण जारी, नौ नए मरीज मिले, अबतक 1640



**पटना,एजेंसी।** पटना में डेंगू संक्रमण की रफ्तार अब भी जारी है। ठंड बढ़ने के बावजूद डेंगू मरीजों के बढ़ते केस ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। रविवार को नौ मरीज मिले हैं। इसके साथ ही इस साल अबतक 1640 केस मिल चुके हैं। नए मरीज बोरिंग रोड, पथरी की मस्जिद, नकटा दियारा, सुल्तानगंज और बिहटा इलाके के हैं। इस बार संक्रमण का ट्रेंड बताता है कि सबसे अधिक पीड़ित युवा हो रहे हैं। अबतक 21 से 30 आयु वर्ग के 626, जबकि 11 से 21 वर्ष के 379 मरीज मिले हैं। सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर साफ और रुके हुए पानी में पनपते हैं। ये मच्छर दिन में ज्यादा काटते हैं। इसलिए अपने घर और आसपास, कूलर, गमले, टूटे-फूटे बर्तनों और छतों पर पानी जमा न होने दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहनें। तेज बुखार, तेज सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में तेज दर्द, उल्टी, ग्रंथियों में सूजन और त्वचा पर लाल चकत्ते हों तो जांच कराएं। लगातार उल्टी हो, मसूड़ों, नाक, मल या उल्टी में खून आने लगे, सांस लेने में कठिनाई हो तो फौरन अस्पताल जाएं।

# बिहार में 20 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण

**पटना,एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव में ह्ष्ठ की ऐतिहासिक जीत के बाद नई सरकार बनाने की कवायद शुरू हो गई है। नीतीश कुमार ने सोमवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर पत्र सौंपा है।जिसमें 19 नवंबर को विधानसभा भंग किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही ह्ष्ठ की प्रचंड जीत को लेकर नीतीश कुमार को बधाई दी गई है। इससे पहले आज आखिरी कैबिनेट मीटिंग हुई, जिसमें मौजूदा विधानसभा को 19 नवंबर को भंग भंग करने का प्रस्ताव पास हुआ।कल मंगलवार को ह्ष्ठ विधायक दल की बैठक भी बुलाई गई है। बीजेपी विधायक दल की भी बैठक होगी। इसके बाद कल होनेवाली ह्ष्ठ की बैठक में विधायक दल का नेता चुना जाएगा, उसके बाद नई सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। 20 नवंबर को गांधी मैदान में नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बताया कि नई कैबिनेट में 36 मंत्री होंगे, जिसमें 16 भाजपा से, 15 जदयू से, 3 लोजपा (आर) रही है।

# मधेपुरा में अगलगी में 5 परिवारों के घर जले फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ने पाया काबू, 2 लाख का सामान जलकर राख

**मधेपुरा,एजेंसी।** मधेपुरा के बेलारी थाना क्षेत्र के बिशनपुर कोड़लाही वार्ड नौ में रविवार की देर रात लगी भीषण आग में पांच परिवारों का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया है। इस अगलगी में कई परिवारों का घर का जरूरी सामान खाक हो गया।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि रेणु देवी, बबीता देवी, किरण देवी, मुन्नी देवी और अनिल यादव अपने-अपने परिवार के साथ रात करीब नौ बजे भोजन कर सो गई थी। लेकिन रात करीब 11 बजे अचानक उनके घरों से आग की लपटें उठने लगीं। जब लोगों की नींद खुली



तब तक आग बहुत तेज हो चुकी थी और आग एक साथ कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

**कुछ ही देर में दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची :** लोग चीख-पुकार के बीच घरों से बाहर निकले और आग बुझाने की कोशिश शुरू की। ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की टीम ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

**परिवारों के सामने अब रहने और भोजन की समस्या :** आग इतनी भयावह थी कि किसी को अपने घर से सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। इस अगलगी में चौकी, मोबाइल फोन, मोटर, बकरियां, अनाज, नगद राशि, कपड़े, बर्तन और घर में रखा खाने-पीने का सारा सामान जलकर राख हो गया। कई परिवारों के सामने अब रहने और भोजन की समस्या खड़ी हो गई है।

**राहत सामग्री, आर्थिक सहायता और पुनर्वास की मांग:** घटना के बाद पीड़ित महिलाओं ने कुमारखंड अंचलाधिकारी को आवेदन देकर तत्काल राहत सामग्री, आर्थिक सहायता और पुनर्वास की मांग की है। पीड़ितों ने बताया कि आग ने उनके जीवन की सारी जमा-पूंजी को खाक कर दिया। अब परिवार खुले आसमान के नीचे रह रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# एक करोड़ की विदेशी शराब जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार-गोपालगंज में सोयाबीन की बोरियों में छिपाकर 5019.48 लीटर शराब की हो रही थी

**गोपालगंज,एजेंसी।** गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर गाड़ी जांच के दौरान एक बड़े कंटेनर से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप बरामद किया गया है। वही इस मामले में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तस्करों से पुलिस पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र के गनियारी वार्ड नं0 10 निवासी स्व. फूलनधर पासवान का बेटा जितेंद्र पासवान (30) और जलनधर पासवान का बेटा बिरजू कुमार (20) के रूप में किया गया।

नियमित गाड़ी जांच के दौरान यूपी की ओर से आ रहे एक कंटेनर को पुलिस ने रोककर जब पूछताछ की तभी कंटेनर से हल्की शराब की गंध आने लगी। जिसके बाद पुलिस



को संदेह हुआ। इसके बाद गहन जांच में कंटेनर के भीतर सोयाबीन की बोरियों के नीचे बड़ी मात्रा में 567 कार्टून खुदरा 670 बोतल कुल 27886 बोतल मात्रा 5019.48 लीटर बरामद किया गया।

**दूसरे राज्यों से बड़े पैमाने पर तस्करी कर रहे शराब माफिया:** एक-एक कर सभी कार्टन निकाले गए तो उनमें विभिन्न ब्रांड की प्रीमियम विदेशी शराब बरामद हुई। जांच में पता चला कि शराब की यह खेप जालंधर से रवाना की गई थी। इसका अंतिम ठिकाना मुजफ्फरपुर था। बरामद शराब की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए आंकी जा रही है। बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद शराब माफिया इस तरह दूसरे राज्यों से बड़े पैमाने पर तस्करी कर रहे हैं।

**चौकसी के कारण कोशिश नाकाम हो गई:** इस बार तस्करों ने सोयाबीन की बोरियों के बीच शराब छिपाकर पुलिस की नजर से बचने की योजना बनाई थी, लेकिन चौकसी के कारण उनकी कोशिश नाकाम हो गई। एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। किसी भी कीमत पर अवैध शराब की आपूर्ति नहीं होने दी जाएगी।

# सहरसा में धान व्यापारी से 40 हजार लूटे-पुराने विवाद में गांव के 3 युवकों पर मारपीट का आरोप

**सहरसा,एजेंसी।** सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में एक धान व्यापारी से मारपीट कर 40 हजार रुपए लूट लिए गए। घायल व्यापारी का इलाज सहरसा सदर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

घायल व्यापारी की पहचान सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के भटपुरा वार्ड नंबर 5 निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है। अमित कुमार ने बताया कि वह सिमरी बख्तियारपुर में धान बेचकर अपनी घर से वापस लौट रहा था और उसके पास 40 हजार रुपए नगद थे।

**6 महीने पहले खेत से चोरी हुए थे 2 मोटर:** अमित कुमार के अनुसार, घर के रास्ते में गांव के ही तीन युवकों ध्रुव कुमार, प्रीतम कुमार और उत्तम कुमार ने उसे रोककर मारपीट की और पैसे लूट लिए। उसने बताया कि करीब 6 महीने पहले उसके खेत से दो मोटर चोरी हो गए थे, जिनमें से एक मोटर प्रीतम के खेत से मिला था। इसी बात को लेकर प्रीतम से उसका पुराना विवाद चल रहा था।

**पैर और सिर में गंभीर चोटें आई:** मारपीट में अमित कुमार के एक पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिसका इलाज सदर अस्पताल में जारी है। सिमरी बख्तियारपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में बुजुर्ग की मौत

**भागलपुर, एजेंसी।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र के जिलाधिकारी आवास के समीप रविवार को सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोगरी थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी शिव शक्ति सिंह की तौर पर हुई है। मृतक मायागंज अस्पताल में भर्ती अपनी पत्नी को मोटरसाइकिल से खाना देने आ रहे थे। बताया जा रहा है कि विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिव शक्ति सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत मायागंज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में शामिल मोटरसाइकिल चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है।

घायल की पहचान सुर्खीकल निवासी सुनील कुमार के पुत्र किशन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मोटरसाइकिल को जब्त



कर लिया है और घायल को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन के अनुसार, शिव शक्ति सिंह की पत्नी सुनीता देवी 9 नवंबर से मायागंज अस्पताल में भर्ती हैं, जिनका पेट का ऑपरेशन हुआ है। रविवार को वह उनके लिए भोजन लेकर अस्पताल जा रहे थे। हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, क्योंकि मृतक की बेटी पूजा कुमारी की शादी इसी महीने 30 नवंबर को होने वाली थी।

दुर्घटना स्थल पर मृतक की बाइक से पूजा की शादी का कार्ड भी मिला है। शादी की तैयारियों में जुटा परिवार अब शोक में डूब गया है। मृतक के दो बेटे और एक बेटी है। गांव में घटना के बाद शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों वाहनों की टक्कर के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# किशनगंज में चलती ट्रेन से गिरा युवक, मौत-पियाकुड़ी रेलवे ब्रिज के पास हुआ दुर्घटना, परिजनों का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार

**किशनगंज ,एजेंसी।** किशनगंज में चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। यह घटना पोठिया थाना क्षेत्र के पियाकुड़ी रेलवे ब्रिज के पास घटित हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, राधिकपुर इंटरसिटी नामक एक चलती ट्रेन से युवक पियाकुड़ी रेलवे ब्रिज के समीप गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आरपीएफ को इसके बारे में जानकारी दिया और गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान नगर पंचायत ठाकुरगंज के वार्ड संख्या 12 निवासी आकाश कुमार (30) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक इस्लामपुर से ठाकुरगंज आ रही ट्रेन में सफर कर रहा था। ट्रेन के



गेट के पास आने के दौरान वह अचानक गिर गया और हादसे का शिकार हो गया।

**परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया:** रेलवे अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया था, लेकिन परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। इधर इस घटना के बाद इलाके में मातमी सन्नाटा पसर गया है साथ ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये के सामान जलकर राख

**सहरसा,एजेंसी।** शहर के मुख्य बाजार दहलान चौक स्थित शनिवार देर रात्रि एक मनिहारी सामान के गोदाम में बिजली के शॉट सर्किट से आग लगने से गोदाम में रखे लगभग 10 लाख के सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया,जबकि अगल बगल के दुकान में कोई क्षति नहीं हुई। कृष्णा नगर वार्ड 37 निवासी पीड़ित व्यवसायी दीपक कुमार गुप्ता ने सदर थाना में दिये आवेदन में कहा कि वे मनिहारी दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं।शनिवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे दहलान चौक वार्ड 14 होटल एंबेसी से सटे उनके गोदाम में अचानक आग लग गयी।उस वक्त वे घर पर थे एवं अगल-बगल के लोगों द्वारा मोबाइल से सूचना प्राप्त होते ही वे दुकान पर तत्काल पूरे परिवार के साथ पहुंचे।वही तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी।



मौके पर फायर ब्रिगेड के पहुंचने के बाद एवं दो घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गयालेकिन तब तक उनके गोदाम में जमा लगभग 10 लाख रुपए मुल्य का मनिहारी एवं श्रृंगार का सामान जलकर राख हो गया। अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचकर घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित व्यवसाय दीपक कुमार ने बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात बतायी है। उन्होंने कहा कि लगभग 10 लख रुपये मूल्य के मनिहारी एवं श्रृंगार सामग्री जलने की बात सामने आयी है।

# गला रेतकर किसान की हत्या

**भागलपुर,एजेंसी।** नवगछिया पुलिस जिला के इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के मेघल टोला में किसान नंद किशोर मंडल उर्फ ननकू मंडल (56 वर्ष), पिता स्व. खंतर मंडल की अज्ञात अपराधियों ने चाकू से गला और पेट पर वार कर निर्मम हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि किसान शनिवार शाम को मकई के खेत में खाद छिड़कने के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। सुबह जब ग्रामीण खेत की ओर पहुंचे तो किसान का शव देखकर इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर इस्माइलपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को बुलाया गया है, जो घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने में लगी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के पीछे की वजह और अपराधियों की पहचान के लिए कई संभावित बिंदुओं पर जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपी फरार है और पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी कर रही है। इलाके में इस वारदात के बाद दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने जल्द मामले का खुलासा करने का भरोसा दिया है।

# बक्सर में ट्रक से 889.2 लीटर शराब बरामद-तस्कर ट्रक को सड़क किनारे छोड़कर खेतों की ओर मौके से भागे

**बक्सर,एजेंसी।** क्सर में कृष्णाब्रह्म थाना पुलिस ने नोनियापुरा गांव के समीप एक ट्रक से 889.2 लीटर अवैध शराब बरामद की है। यह कार्रवाई रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें पुलिस को शराब की बड़ी खेप भेजे जाने की जानकारी मिली थी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और संदिग्ध ट्रक की निगरानी शुरू कर दी। पुलिस को देखते ही तस्कर ट्रक को सड़क किनारे छोड़कर खेतों की ओर फरार हो गए। पुलिस ने तुरंत ट्रक को अपने कब्जे में लेकर तलाशी ली।

**ट्रक के ऊपर एक बाइक भी लदी हुई मिली:** तलाशी के दौरान कुल




889.2 लीटर अवैध शराब मिली। इसमें 630 लीटर देसी ब्लू लाइम शराब और 259.2 लीटर विदेशी एट पीएम शराब शामिल है। ट्रक के ऊपर एक बाइक भी लदी हुई पाई गई, जिसे जब्त कर लिया गया है। पुलिस आशंका जता रही है कि बाइक का इस्तेमाल भी तस्करी के नेटवर्क में किया जा रहा था। पुलिस दोनों गाड़ियों के दस्तावेजों की जांच कर रही है, ताकि फरार तस्करों की पहचान की जा सके।

**मामले की गहन जांच शुरू:** थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि बरामदगी के बाद मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि तस्करों के भागने के बावजूद उनके ठिकानों और नेटवर्क पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। दस्तावेजों और तकनीकी जांच के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**बड़े नेटवर्क से जुड़ी हो सकती है बरामदगी शराब :** पुलिस का मानना है कि यह बरामदगी शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क से जुड़ी हो सकती है। जांच में और सुराग मिलने पर कई अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई की जा सकती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस तत्परता की सराहना की है। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है जैसे अपराधों पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जा सके।

# आपार समर्थन से जीत देकर जनता ने बहुत बड़ी जिम्मेवारी दी हैः उमेश तिवारी



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** जनता ने बिहार चुनाव में एनडीए को आपार समर्थन देकर बहुत बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है।अब बड़े धैर्य की आवश्यकता है,उक्त बातें भाजपा सारण जिला पश्चिमी के जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी ने जलालपुर के हरपुर शिवालय परिसर के किसान भवन में एक प्रेस वार्ता में कही। वे बिहार प्रदेश में एनडीए की प्रचंड बहुमत मिलने पर विजयोत्सव सह प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के निर्देशन में भारतीय जनता पार्टी का हर बूथ कार्यकर्ता व एक-एक पन्ना प्रमुख सबने मिलकर काम किया है। एनडीए के साथियों ने एक दूसरे के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया है जिसके कारण हर बूथ पर हमने काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।उन्होंने कहा कि इस बार महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में बढ़ चढ़कर वोट दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए क ई योजनाएं चलाई हैं। महिलाओं को घर से बाहर लाने में महिलाओं के विकास की अहम भूमिका है। उन्होने यह भी बताया कि बिहार का यह पहला चुनाव था जो विकास के नाम पर लड़ा गया।जनता को उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि जनता ने विकास के नाम पर वोट दिया है।सांसद महोदय ने जो विकास क्षेत्र में किया है उसके नाम पर जनता ने एनडीए को बहुमत दिया है। बिहार का चुनाव केवल बिहार का चुनाव नहीं है इसका दूर तक प्रभाव पड़ने वाला है। जीते हुए सभी प्रतिनिधियों से कहा कि अब सारी जनता उनकी है।पक्ष और विपक्ष के लोग भी उनके हैं। अभी सभी माननीय हो गए हैं। सबका ख्याल रखना उनका कार्य है। उन्होंने बताया कि जब वृक्ष में फल लग जाता है तो वृक्ष की डाली झुक जाती है। उन्होंने सिवान से जीते निवर्तमान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने चुनाव जीतने के बाद अपने प्रतिद्वंद्वी के घर गए थे और चाय साथ में पीकर के एक खूबसूरत उदाहरण सभी के सामने प्रस्तुत किया है। चुनाव जीतने के बाद प्रतिनिधियों की सारी जनता हो जाती है।उन्होंने कहा कि जो पार्टी ने घोषणा पत्र मे वादा किया है सभी को पूरा किया जाऐगा।उन्होंने सारण पश्चिमी में हुए जीत का श्रेय पूर्व दिवंगत जिला अध्यक्ष को दिया है। उन्होंने कहा कि दिवंगत जिला अध्यक्ष ने जो स्ट्रक्चर तैयार किया था उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।प्रेस वार्ता में प्रदेश कार्य समिति सदस्य नेता प्रमोद सिग्रीवाल ने कहा कि एनडीए को वोट माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर जनता ने दिया है। मौके पर अखिलेश प्रसाद जिला उपाध्यक्ष, विनीत कुमार जिला उपाध्यक्ष,संजीव मिश्रा जिला कोषाध्यक्ष,खुशबू ठाकुर जिला उपाध्यक्ष,अनुपम देवी जिला मंत्री, दीपू चतुर्वेदी सोशल मीडिया प्रभारी सारण पश्चिमी, धुनमुन सिंह जिला मंत्री,अखिलेश मांझी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर दयाल ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष, अमन सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा कान्तु ठाकुर जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा कुश पांडेय मंडल अध्यक्ष, मुकुल कुमार सिंह मंडल महामंत्री सहित क ई अन्य भी थे।

## सारण-सिवान जिला की सीमा पर श्मशान की जमीन पर पैक्स भवन निर्माण को लेकर ग्रामीण आक्रोशित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण और सिवान जिले के सीमावर्ती गांव जजौली गांव में श्मशान की जमीन पर पैक्स भवन निर्माण कार्य को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने मशरक डीएसपी संजय कुमार सुधांशु और सीओ सुमंत कुमार को आवेदन देकर रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों में अमरनाथ राय, परमेश्वर राय,अजय सिंह, नागेन्द्र राय, प्रमोद कुमार सिंह, चंदन कुमार, दिग्विजय सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। बताया गया कि जजौली गांव में श्मशान की भूमी हैं जिसका खाता 102 और सर्वे 2171 हैं। उक्त जमीन पर श्मशान हैं जिस पर जजौली पैक्स अध्यक्ष के द्वारा पैक्स भवन निर्माण कार्य में पीलर की जा रही है। उसी जमीन पर मशरक के जजौली और सिवान के भगवानपुर थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव के लोगों के मरने पर दाह संस्कार किया जाता है वहीं उक्त भूमी को छोड़कर कोई दूसरा जमीन नहीं है। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन आया है उनके द्वारा जांच-पड़ताल की जा रही है।

## सड़क पुल पर बने गड्ढे में बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, तीन युवक घायल, एक रेफर

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के योगियां हाईस्कूल के पास सड़क पर बने गड्ढे में फंस कर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे उस पर सवार तीन युवक घायल हो गए. घटना देर शाम की बताई गई है. सूचना मिलने पर डायल-100 की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. कौशलेंद्र कुणाल ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया.

गंभीर रूप से घायल एक युवक की पहचान सिवान जिला के जीबी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा चौधरी टोला निवासी राहुल कुमार (30) के रूप में हुई है. हादसे में राहुल का एक हाथ फैक्चर हो गया, जबकि सिर में भी चोटें आई हैं. प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. कौशलेंद्र रमण ने उसे बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है.

बताया गया कि तीनों युवक रसूलपुर थाना क्षेत्र के असहनी गांव में एक तिलक समारोह में शामिल होकर अपाची बाइक से तरवारा अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान चैनपुर-रसूलपुर मार्ग पर योगियां हाई स्कूल के पास बने बोहटा नदी के सड़क पुल के किनारे बरसात के कारण बने गड्ढे में बाइक फिसलकर गिर गई, जिससे दुर्घटना हो गई. अन्य दो युवकों को मामूली चोटें आई हैं. स्थानीय लोगों ने सड़क पर बने गड्ढे को दुर्घटना का कारण बताते हुए इसकी मरम्मत की मांग की है.

## छपरा की नवनिर्वाचित विधायक छोटी कुमारी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की भेंट



**दैनिक खोज खबर/छपरा/पटना।** छपरा विधानसभा क्षेत्र से नव-निर्वाचित विधायक सुश्री छोटी कुमारी ने सोमवार को अपने पति तथा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार साह के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने सुश्री छोटी कुमारी को उनकी जीत पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु सहयोग और मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। विधायक सुश्री कुमारी ने मुख्यमंत्री के समक्ष छपरा विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं एवं जनहित के मुद्दों को रखा और उनके त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार से आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र कुमार साह ने कहा कि छपरा के विकास और जनता की अपेक्षाओं पर खड़ा उतरना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन के समन्वय से क्षेत्र में जल जमाव,नाला, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली एवं रोजगार के क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। शिष्टाचार भेंट सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई तथा सभी ने क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## बाबा हरिहरनाथ मंदिर में धार्मिक न्यास बोर्ड अध्यक्ष रणवीर नंदन का भाजपा नेता राकेश सिंह ने किया भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोमवार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष रणवीर नंदन को आज बाबा हरिहरनाथ मंदिर परिसर में विशेष सम्मान मिला। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश सिंह ने उन्हें अंग-वस्त्र और मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बोर्ड सदस्य शायन कुणाल, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद मुकेश, सचिव विजय लाला, उप सचिव ओमप्रकाश सिंह (पप्पू सिंह) तथा कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। समारोह में सभी ने मिलकर बाबा हरिहरनाथ की पूजा-अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। रणवीर नंदन ने कहा, ÷बाबा के दर्शन से मन प्रसन्न हो जाता है, हम नियमित रूप से यहाँ आते रहेंगे।÷ उन्होंने मंदिर कमिटी की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ की व्यवस्था अत्यंत उत्तम है। पुजारी सुशीलचंद्र शास्त्री, सदानंद बाबा, भूटकून बाबा, बमबम बाबा, राहुल बाबा आदि भी इस धार्मिक समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने इस मिलन को गठबंधन की एकता और धार्मिक सौहार्द का प्रतीक बताया।

## एक्स-रे टेक्नीशियन नहीं रहने से मरीज परेशान, डीएम से शिकायत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में एक्स-रे टेक्नीशियन के ड्यूटी से गायब रहने से मरीजों को सोमवार की खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि इलाज के लिए आए मरीजों ने सारण डीएम को फोन कर और प्रभारी को भी शिकायत दर्ज कराई। मामले में प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप ने बताया कि टेक्नीशियन के द्वारा बिना किसी सूचना के गायब होने का मामला सामने आया,फोन की गयी तों कोई जबाब नहीं मिला। इलाज के लिए पहुंचे मरीजों ने बताया कि पर्ची कटाने के बाद चिकित्सक के यहां दिखाने के बाद जब एक्स-रे के लिए पहुंचे तों टेक्नीशियन गायब हैं। ऐसे में उनका पूरा दिन खराब हो गया। वहीं उन्हें महंगे दामों पर निजी क्लीनिक का सहारा लेना पड़ा। प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप ने कहा कि एक्स रे टेक्नीशियन के विरूद्ध जिले को सूचना दी जाएंगी।

## कृषि संबंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी कृषि विज्ञान केन्द्र में रविवार से रबी के मौसम में उपयोग होने वाले मशीनें विषय पर ग्रामीण युवक एवं युवतियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कृषि मशीनीकरण पर प्रशिक्षित करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम के शुभारंभ में उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने बताया कि आज के दौर में कृषि यांत्रिकीकरण बहुत ही महत्वपूर्ण है तथा युवक मशीनों के बारे में जानकर कृषि में उसका उपयोग कर अपनी आय को बढ़ा सकते है तथा स्वयं आत्मनिर्भर बन सकते है। विशेषज्ञ कृषि अभियंत्रण डॉ. सुषमा टम्टा ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दी तथा केन्द्र में उपस्थित विभिन्न मशीनों जैसे ज़ीरो टिलेज, पोटैटो प्लांटर, लेज़र लैंड लेवल, मल्टीक्रॉप प्लांटर, हैप्पी सीडर आदि मशीनों के बारे में युवकों को विस्तार से बताया। पौधा रोग विशेषज डॉ. जीर विनायक ने रबी के मौसम के फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में सारण जिले के माँझी प्रखण्ड एवं बलिया जिले के ग्रामीण युवक एवं युवतियाँ भाग ले रही हैं, जो अंत में प्रमाण पत्र भी प्राप्त करेंगे, जो उनकी दक्षता और सीखने की प्रक्रिया का प्रमाण होगा। डॉ. विजय कुमार ने मिट्टी की जाँच विषय के बारे में युवाओं को बताया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, मांझी से अमितेश कुमार गौरव, रामा रंजन, राकेश कुमार, अंकित मिश्रा, उमाशंकर कुमार, अवनीश पांडेय एवं संतोष कुमार अपना सहयोग दे रहे हैं।

## अमनौर पेंशनर समाज के अध्यक्ष सोहन व सचिव गणेश बने

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** बिहार पेंशनर समाज अमनौर शाखा के पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को मिडिल स्कूल मोलनापुर में संपन्न हुआ।चुनाव पर्यवेक्षक धर्मनाथ सिंह की उपस्थिति मे सर्वसम्मति से सोहन पंडित को सभापति व गणेश ठाकुर को सचिव चुनाव गया।अध्यक्ष सोहन पंडित ने बताया कि ठाकुर प्रसाद राय को कोषाध्यक्ष, अम्बिका राय व रामप्रवेश पंडित को उपसभापति चुनाव गया।कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में लक्ष्मण पंडित, चन्द्रभूषण मिश्र, उमा महेश साह, रामजन्म सिंह, शशिभूषण सिंह, वेदप्रकाश सिंह चुने गए।सम्मेलन मे मुख्य रूप से राजेंद्र प्रसाद, बच्चा तिवारी, रामविनोद शर्मा, लक्ष्मण पंडित आदि उपस्थित थे।अध्यक्षता डा.के एन सिंह व मंच संचालन डा.महात्मा प्रसाद गुप्ता ने किया।

## आरएसए की बैठक हुई संपन्न



**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** सोमवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के स्नात्तकोत्तर विभाग आर.एस.ए. इकाई की महत्वपूर्ण बैठक विश्वविद्यालय कैंपस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता अभिषेक कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से संगठन की मजबूती, इकाई के विस्तार तथा विश्वविद्यालय में फैली शैक्षणिक अराजकता एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ होने वाले आगामी धरनाङ्कप्रदर्शन में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान आर.एस.ए. छात्र नेत्री अंशु कुमारी ने कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय में सी बी सी एस प्रणाली के अंतर्गत जारी स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर के अंक पत्रों की स्थिति अत्यंत गंभीर है। छात्रों को मिले मार्कशीट देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि परीक्षा नियंत्रक कार्यालय एवं टैबुलेटर को पासिंग मार्क्स के मूल नियमों की भी जानकारी नहीं है, जो विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अंशु कुमारी ने बताया कि नियम स्पष्ट कहते हैं कि इंटरनल और एक्सटर्नल दोनों में अलग-अलग पास होना अनिवार्य है, लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा जारी मार्कशीट यह दर्शाती है कि प्रशासन को इन नियमों का ज्ञान ही नहीं है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इन सभी मुद्दों पर आर.एस.ए के होने वाले व्यापक आंदोलन में उठाया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से अंशु कुमारी, निक्की कुमारी, अनामिका चौधरी, दीक्षा सिंह, दीपशिखा कुमारी, राजाबाबू, विशाल सिंह सहित अनेक छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## डीएम ने विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत प्रक्रियाधीन भू-अर्जन के मामलों की समीक्षा की



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिलाधिकारी अमन समीर ने सोमवार को विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत प्रक्रियाधीन भू-अर्जन के मामलों की समीक्षा की। भारतमाला परियोजना, रामजानकी पथ, दीघा पुल के समानांतर गंगा नदी पर 6-लेन केबल ब्रिज, रिविलगंज बाईपास, परसा बाईपास, गरखा बाईपास, अमनौर बाईपास, छपरा बाईपास, शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड परियोजना, एन एच-31 गाजीपुर-बलिया- मांझी 4 लेन सड़क, एन एच 722- सोनहो फ्लाईओवर , गोल्डेनगंज आरओबी, शीतलपुर- मशरख पथ- एस एच 73 पर आरओबी निर्माण, मेडिकल कॉलेज संपर्क पथ आदि सड़क/ पुल परियोजनाओं को लेकर किये जा रहे भू-अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। सभी अंचलाधिकारियों को भू-अर्जन के कार्य को अपनी प्राथमिकता में शामिल कर कार्य करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता को प्रतिदिन भू-अर्जन के मामलों के प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला भू-अर्जन कार्यालय में पदस्थापित सभी 4 एडीएलओ को विभिन्न परियोजनाओं की जिम्मेवारी दी गई है।उन्हें संबंधित अंचल में कैम्प कर भू-अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा गया। प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से स्थल पर ही कैम्प लगाकर रैयतों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने एवं इसमें आ रही समस्या का निदान सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, विभिन्न परियोजना से संबंधित अभियंता गण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता एवं सभी अंचलाधिकारी जुड़े थे।

## शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, बड़ी मात्रा में शराब की खेप बरामद



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** रविवार की रात मांझी थाना पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मधनिषेध विभाग पटना के निर्देश पर थाना क्षेत्र के मझनपुरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप से अंग्रेजी शराब लदी एक स्कॉर्पियो और एक पिकअप पुलिस ने जब्त की है। हालांकि तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहे। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि रविवार की देर रात मधनिषेध विभाग पटना से एक सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश से जयप्रभा सेतु होकर बड़ी मात्रा में शराब की खेप दो वाहनों में लादकर बिहार लाई जा रही थी। सूचना के आलोक में मांझी थाना पुलिस ने मझनपुरा के पास वाहन जांच शुरू की। जांच के दौरान एक स्कॉर्पियो और एक पिकअप से विभिन्न ब्रांडों की कुल 2496 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। तस्कर रात का फायदा उठाकर वाहन जांच के दौरान मौके से फरार हो गए। इसके बाद दोनों वाहनों को जब्त कर थाने लाया गया। पुलिस अब तस्करों की पहचान कर आगे की कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि चुनाव के बाद शराब तस्कर फिर से सक्रिय हो गए हैं, जिन पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं शराब या मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री हो रही हो, तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। स्थानीय लोगों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब जयप्रभा सेतु पर चेकपोस्ट बना हुआ है, तो आखिर शराब की इतनी बड़ी खेप पुल कैसे पार कर रही है। एक साथ दो-दो गाड़ियों का शराब से लदा पकड़ा जाना मांझी के जयप्रभा सेतु पर बने उत्पाद विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।



## मारपीट के मामले में दो के विरुद्ध प्राथमिकी

**सिसवन (सिवान)।** सिसवन थाना क्षेत्र के भागर गांव में हुई मारपीट के मामले में भागर निवासी छोटन राम की पत्नी जयमाला देवी ने थाना में आवेदन देकर गांव के दो लोगों को आरोपित है। आवेदन में बताया है कि भागर निवासी चंद सिंह तथा छोटू सिंह द्वारा उन लोगों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। सिसवन थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस द्वारा एसी-एसटी के तहत प्राथमिकी कर ली गई है तथा पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** चैनपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए 58 लीटर शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में नगई निवासी रवि कुमार महतो तथा रामगढ़ निवासी राजेश महतो शामिल हैं।

## तरवारा बाजार स्थित शाकिर बाबा के दरगाह पर सांसद ने की जियारत

**परवेज अख्तर/सीवान।** एनडीए की जीत के बाद जन आशीर्वाद कार्यक्रम के तहत रविवार की शाम में सांसद विजयलक्ष्मी देवी व बड़हरिया के नवनिर्वाचित विधायक इंद्रदेव सिंह पटेल ने तरवारा के कूर्म टोला शाकिर बाबा के मजार पर गुलपोशी की जियारत किया और बिहार में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। काफी संख्या में आसपास के लोग और कार्यकर्ता मजार शरीफ पर मौजूद थे। जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल करीम रिजवी ने सभी का स्वागत किया। वहीं बड़हरिया विधायक इंद्रदेव सिंह पटेल ने मीडिया से कहा कि हमारी जीत बड़हरिया की जनता जनार्दन की जीत है। समाज के सभी वर्गों का समर्थन मुझे प्राप्त हुआ है। पिछले पांच साल से इस विधानसभा में विकास की गति रुक गई थी। जिसे मैं बहुत तेज गति से विकास करूगा। साथ ही एनडीए की सभी नेताओं का आभार प्रकट करता हूं जिनके आशीर्वाद से मैं जीत हासिल की हूं। मौके पर जदयू नेता मुर्तुजा अली कैसर ,सुनील कुमार, निकेश चंद्र तिवारी,अमिरूल्लाह सैफी, मुखिया नागेंद्र सिंह, प्रभु नाथ महतो, मोहम्मद नूरैन दरवेश आलम एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## दारौंदा :1600 रुपये की लेनदेन में हुई थी उमेंद्र की हत्या

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के भीखाबांध (भैयाङ्कबहिनी) बाजार में 26 सितंबर को मोबाइल दुकानदार उमेंद्र कुमार सिंह की हत्या 1600 रुपये की लेनदेन के विवाद में हुई थी।थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित नितेश कुमार और सोनू कुमार ने स्वीकार की है कि रामपुकार सिंह के पुत्र उमेंद्र कुमार सिंह की हत्या 1600 रुपये की लेनदेन को लेकर गोली मारकर कर दी गई थी। इस मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपितों को पुलिस ने शनिवार को न्यायालय से रिमांड पर ली थी उसके बाद पूछताछ के बाद सोमवार को पुनः न्यायालय भेज दिया। ज्ञात हो कि 26 सितंबर की शाम बदमाशों ने भीखाबांध बाजार स्थित मोबाइल दुकान से घर जाने के दौरान उमेंद्र को गोली मार दी थी। स्थानीय लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। इसमें गांव के ही नितेश कुमार और सोनू कुमार को नामजद आरोपित बनाया गया था। घटना के बाद पुलिस की दबिश के कारण दोनों बदमाशों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था।

## 144 बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना की गश्त दल ने रविवार की रात सडीहा गांव में छापेमारी कर 144 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसआइ अनिल सिंह एवं पीएसआइ छपित कुमार चौबे ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक शराब तस्कर कार्टन में शराब लेकर कहीं आपूर्ति करने जा रहा है। तभी उक्त स्थल पर छापेमारी कर शराब तस्कर को दबोच लिया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सडीहा निवासी नागेश्वर पांडेय के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

## छात्र छात्रों के बीच 213 बैग और कॉपी का किया गया वितरण

आंदर (सिवान)। आंदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय रकौली परिसर में प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कक्षा 1 से लेकर 8 में पढ़नेवाले 213 छात्र छात्राओं के बीच बैंग व कॉपी का वितरण किया गया। विद्यालय के शिक्षक धर्मवीर सिंह,नीलम गुप्ता,सुदक्षिणा कुमारी,पुष्पा कुमारी द्वारा वितरण किया गया।प्रधानाध्यापक ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध हो रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिल रही है।विद्यालय प्रशासन ने सरकार के इस कदम की सराहना की और आशा जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार की योजनाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती रहेंगी।पठन सामग्री प्राप्त करने के बाद छात्र छात्राओं के खुशी देखने को मिला।बच्चों ने बताया कि अब उन्हें स्कूल आने में और पढ़ाई करने में अधिक सुविधा होगी।इस दौरान सैकड़ों छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## दो लाख बकरियों को दी जाएगी कृमिनाशक दवा कीड़ों को मारने के लिए दवा अल्बेंडाजोल 150 एमजी का वितरण

**सिवान।** जिले में पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए पशुपालन विभाग द्वारा वृहद स्तर पर अंतः कृमिनाशक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बकरियों एवं भेड़ों के पेट में होने वाले कीड़ों को मारने के लिए दवा अल्बेंडाजोल 150 एमजी का वितरण और सेवन कराया जाएगा। अल्बेंडाजोल टैबलेट्स उपलब्ध कराई गई हैं। ये दवाएं पशुपालन कर्मियों के माध्यम से गांव-गांव पहुंचाई जा रही हैं। इससे अधिक से अधिक पशुओं को इसका लाभ मिल सकेगा। इस संबंध में जिला पशुपालन पदाधिकारी एसरारुल होदा ने बताया कि जिले में करीब दो लाख बकरिया व भेड़ हैं। जिनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किया जाता है। बकरियों और भेड़ों के पेट में कीड़े होना एक समस्या है। जो उनके वजन, दूध उत्पादन और वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। इसीलिए हर तीन से चार महीने पर कृमिनाशक दवा खिलाना आवश्यक होता है। यह कृमिनाशक नाशक दवा सभी पशु चिकित्सा केंद्र पर भी उपलब्ध है। अल्बेंडाजोल टैबलेट्स पशुपालन कर्मियों के माध्यम से गांव-गांव पहुंचाई जा रही है। इस अभियान से बकरी और भेड़ की उत्पादकता में सुधार होगा तथा संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव होगा। अपील की कि वे अपने पशुओं को नियमित रूप से कृमिनाशक दवा जरूर खिलाएं और पशुपालन कर्मियों के निर्देशों का पालन करें।

## 24 घंटे के विशेष अभियान में 20 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान बीस आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान बीस आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि इस दौरान विविध के कांड में दो व शराब के कांड में 18 गिरफ्तारी की गई। वहीं 60.8 लीटर देशी व 234.12 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। जबकि 19 वारंट व दो कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि तीस हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं एक चार पहिया वाहन सहित अन्य बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर काल करें।

## तरवारा पंचायत : संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**परवेज अख्तर/सीवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के चौधरीपट्टी गांव स्थित मुख्य सड़क के किनारे पुल के पास पानी में सोमवार को शव मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के उड़ियानटोला तरवारा निवासी अशोक साह के रूप में हुई है। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष जीत मोहन कुमार ने बताया कि संदिग्ध परिस्थिति में सड़क के किनारे गढ़ा में पानी से शव को बरामद किया गया है। बरामद शव को कार्रवाई के बाद पोस्मार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच हो रही है।

# सीवान : एक दिन की छुट्टी के बाद सोमवारी जाम से परेशान रहे लोग



**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधरने के बजाय दिनोंदिन और बिगड़ती ही जा रही है। सुबह से ही लोगों को भीषण जाम से परेशान होना पड़ रहा है। सोमवार को जैसे ही सरकारी कार्यालयों के साथ शहर की दुकानें खुलीं लोगों की भीड़ दिन चढ़ने के साथ बढ़ने लगी। इसके साथ ही वाहनों का चौतरफा जाम भी शहर में देखने को मिला। सुबह में अस्पताल रोड, गांधी मैदान स्थित रोड, जेपी चौक, बबुनिया मोड, गोपालगंज मोड, थाना रोड, फतेहपुर बाइपास, स्टेशन रोड आदि जगहों पर जाम का नजारा आम रहा। वाहन आसानी से पास कर जाए इसके लिए किसी तरह की तैयारी प्रशासन द्वारा नहीं की गई है। भारी जाम के बाद भी ट्रैफिक के एक भी पदाधिकारी सड़क पर नहीं थे। सिर्फ ट्रैफिक जवान के भरोसे था। इससे शहर की चारों तरफ जाम लग गया था। जाम के कारण लोग काफी परेशान थे। शहर के गलियों में भी जाम लगा था। लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं पड़ा। जिसमें सैकड़ों वाहन दो घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे। वहीं पुलिस के जवान भी जाम को हटाने के लिए परेशान दिखे। इस संबंध में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि सोमवार को अधिक जाम था। इसके लिए ट्रैफिक थानाध्यक्ष को देशा-निर्देश दिया गया है।

## सीवान : आपरेशन अमानत के तहत ट्राली बैग यात्रियों को किया सुपुर्द

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** आपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने एक यात्री का प्लेटफार्म नंबर तीन पर छूट बैग को बरामद कर उसे सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि रविवार को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से सूचना प्राप्त हुई कि जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर एक यात्री का ट्राली बैग छूट गया है। उक्त सूचना पर ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल परमेंद्र राय द्वारा स्टेशन पर चेक किया गया तो एक लावारिस हालत में लाल रंग का बैग मिला। जिसको बल पोस्ट पर लाकर रखा गया। यात्री गुठनी थाना क्षेत्र के मैरीटार निवासी बाबुनंद रावत बल पोस्ट पर उपस्थित होकर बैग के संबंध में बताया। उक्त बैग में रखे सामान आदि के बारे में पूछने पर बताया कि बैग में कपडे आदि घरेलू सामान है। बैग के बारे में तथा उक्त यात्री के बारे में पूर्ण रूप से संतुष्ट होने पर सउनि नंदकिशोर सिंह द्वारा बैग को बैग के उक्त स्वामी को सुपुर्द किया गया। यात्री द्वारा बैग में रखे सामान की कीमत दो हजार बताया गया। पूर्णरूप से संतुष्ट होने पर उक्त बैग को यात्री को सुपुर्द किया गया।



## राहुल हत्या मामले में फरार एक आरोपित को गिरफ्तार, जेल

**सिवान।** असांव थाना की पुलिस ने रविवार की रात सिंहपुर गांव में छापेमारी कर राहुल साहनी हत्याकांड मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार साह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान सिंहपुर निवासी अनीश कुमार साहनी के रूप में हुई है। फिलहाल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।ज्ञात हो कि निवासी संजय साहनी की पत्नी धानुमती देवी ने 13 नवंबर की रात असांव थाना में आवेदन देकर गांव के सोनू मांझी, रंजीत यादव, विशाल साहनी, रवि कुमार साहनी, अनु कुमार साहनी, इंद्रजीत साहनी, कुश कुमार मांझी, अनीश कुमार साहनी के खिलाफ प्राथमिकी कराई थी। उसने आरोप लगाया है कि 24 सितंबर की शाम मेरा पुत्र राहुल साहनी चाचा के लड़के रविकिशुन साहनी व राकेश साहनी के साथ एक बाइक पर सवार होकर शौच करने के लिए बांध के तरफ जा रहे थे। इस इस दौरान कुछ युवक पार्टी मना रहे थे। उसी समय मेरा पुत्र बोला कि तुमलोग दिन में बहुत तेज गाड़ी चलाते हो। किसी को चोट लग जाएगी। इस पर सभी लोग गाली- गलौज करने लगे। उसी बीच सोनू मांझी ने बंदूक निकालकर मेरे पुत्र की कनपट्टी पर गोली मार दी जिसमें मेरा पुत्र घायल हो गया। उसका इलाज गोरखपुर में चल रहा था जहां 28 सितंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

## 16 शराबी व आठ तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** उत्पाद विभाग ने 24 घंटे में कार्रवाई करते हुए 16 शराबी व आठ तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि शराबबंदी को ध्यान में रखते हुए मद्यनिषेध व उत्पाद विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की जा रही है। 16 नवंबर को उत्पाद विभाग द्वारा 16 शराबियों व आठ शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बताया कि विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 431.200 लीटर अवैध देसी शराब एवं 25.905 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया है। साथ ही दो दो पहिया व एक चार पहिया वाहन को जब्त किया गया है।

## आपसी विवाद में मारपीट महिला घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बघौना में आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला स्थानीय निवासी कन्हैया सिंह की पत्नी रीना कुंवर है। उसका इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया।

# एनडीए की जीत पर कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** शहर के चांप स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा एनडीए के प्रचंड बहुमत आने की खुशी में कार्यकर्ताओं का स्वागत समारोह रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार में एनडीए की प्रचंड बहुमत कार्यकर्ताओं के बदौलत आई है। यह आपकी मेहनत का नतीजा है की हम सिवान की आठ में सात सीट जीतने में सफल हुए हैं। चुनाव के पहले देश के यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह ने बेतिया में कहा था कि सिवान से वामपंथ को उखाड़ फेंकना है। आप जैसे कार्यकर्ताओं के शक्ति से ठीक वैसा ही हुआ। दरौली, जीरादेई में हमने वामपंथियों को उखार फेंकने का काम किया है।



दरौली के किले को ध्वस्त कर दिया है और दारौंदा में हमने वामपंथ को पलपने नहीं दिया। सदर से मंगल पांडेय को विजयी बना कर सिवान को बहुत मजबूत नेता देने का काम किया है। मंगल पांडेय के नेतृत्व में सिवान विकास की ऊंचाइयों को छूएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नंद प्रसाद चौहान, अभिमन्यु कुमार सिंह, संजय पांडेय, सुभाष सिंह, किरण गुप्ता, धनंजय, मुकेश कुमार बंटी, जयप्रकाश गुप्ता, अजीत चौरसिया, दीपू सिंह, सुनीता जायसवाल आदि लोग मौजूद थे। मंच का संचालन देवेंद्र गुप्ता ने किया।

## सीवान : पांच दवा दुकानों का शटर तोड़कर 20 हजार से अधिक की संपत्ति की चोरी

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के ललन कांप्लेक्स स्थित एक मार्केट में रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने पांच दवा दुकानों का शटर तोड़कर हजारों रुपया की संपत्ति की चोरी कर ली। घटना की जानकारी दुकान मालिकों को सोमवार की सुबह हुई, जब वह दुकान खोलने पहुंचे, देखा की दुकान का शटर टूट हुआ है। इसके बाद उन्होंने नगर थाना को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। हालांकि देर शाम तक दुकान मालिकों ने नगर थाना में आवेदन नहीं दिया था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सभी दवा दुकानदार अपनी अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार की सुबह जब दुकानदार अपने दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो एक साथ पांच दुकानों का ताला व शटर टूटा हुआ था। दुकान मालिक संजय कुमार, जिशान, अनिल सहित सभी दुकानदारों ने बताया कि पीछे का दरवाजा से चोर कांप्लेक्स में प्रवेश कर ताला तोड़कर दुकान में रखे सिर्फ नकद रुपया की चोरी की है। पांचों दुकानों मिलाकर लगभग बीस हजार रुपया की अधिक का चोरी हुई है। दुकान में रखे लैपटाप की चोरी नहीं हुई है। यह पहली घटना नहीं है इसके पहले भी चोरों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया था। पांचों दवा की दुकान है, समान सभी सुरक्षित है। इस मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सीसी कैमरा का फुटेज मिला है।

# अखिल भारतीय विज्ञान मेला में चमके उत्तर बिहार प्रांत के छात्र

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश के मेरठ में आयोजित अखिल भारतीय विज्ञान मेला में उत्तर बिहार प्रांत के तीन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। विज्ञान नवाचार से सजे इस प्रतिष्ठित मंच पर उत्तर बिहार के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शोध क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर विजयहाता की छात्रा ऐश्वर्या सोनी तथा क्रिस कुमार ने तरुण वर्ग विज्ञान माडल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय उत्तर बिहार प्रांत का मान बढ़ाया। उनकी संयुक्त प्रस्तुति तकनीकी दृष्टि से प्रभावी व सामाजिक उपयोगिता से परिपूर्ण मानी गई। उत्तर बिहार प्रांत के इन तीनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्या भारती के पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं दी। संगठन मंत्री ख्यालीराम ने कहा कि इन बच्चों ने मेहनत और जिज्ञासा की शक्ति से विज्ञान मेला में जो उपलब्धि प्राप्त की है, वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी है। उत्तर बिहार प्रांत के मंत्री डा. सुबोध कुमार ने कहा कि यह परिणाम सिद्ध करता है कि हमारे विद्यार्थी शोध और नवाचार में देश के शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता रखते हैं। प्रदेश सचिव रामलाल सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इन तीनों छात्रों ने उत्तर बिहार की शिक्षा परंपरा को नया आयाम दिया है। इनके प्रयास सराहनीय हैं।विद्या भारती के क्षेत्रीय प्रचार-प्रसार संयोजक नवीन सिंह परमार ने कहा कि इन बच्चों की सफलता हमारी शिक्षा कार्यप्रणाली की मजबूती और समाज के सहयोग का परिणाम है। सिवान विभाग निरीक्षक अनिल कुमार राम ने कहा कि महावीरी विद्यालय के दोनों प्रतिभागियों ने अपने विद्यालय के साथ ही पूरे प्रांत का मान बढ़ाया है।

## होटल संचालक से दो लाख की रंगदारी मांगी, बदमाश गिरफ्तार

महाराजगंज (सिवान)। महाराजगंज शहर के रेलवे स्टेशन के सामने स्थित आदित्य होटल के संचालक से बदमाशों द्वारा दो लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार की रात एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। होटल संचालक सिहौता निवासी मुरली कुमार सिंह ने थाने में आवेदन देकर कहा है कि दारौदा थाने के भरोस कुंवर के टोला रूकुंदीपुर निवासी राकी सिंह उर्फ दिव्यांशु सिंह और उसका बड़ा भाई राहुल सिंह दोनो ने 11 नवंबर की रात मेरे छोटे भाई प्रदीप कुमार सिंह के मोबाइल पर फोन कर दो लाख रुपये रंगदारी के रूप में मांगी। उक्त दोनों भाइयों ने कहा कि यदि समय से रुपये नहीं मिला तो अंजाम बुरा होगा। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि होटल संचालक के आवेदन पर प्राथमिकी कर बदमाशों की गिरफ्तारी को ले छापेमारी शुरू कर दी गई है। बदमाशों में राकी सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# गोरियाकोठी : कब्बड्डी प्रतियोगिता सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**परवेज अख्तर/सीवान।** गोरियाकोठी प्रंखड में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जयहिंद शिक्षण संस्थान में सोमवार को कब्बड्डी प्रतियोगिता सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम जयहिंद शिक्षण संस्थान के प्रांगण में संस्थान संचालक सह अभाविप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु कुमार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि अभाविप प्रदेश सहमंत्री मनोज गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों का समुचित विकास होता है। हिमांशु कुमार ने कहा कि ऐसे प्रतिस्पर्धा और जांच परीक्षा के आधार पर पुरस्कृत करने से छात्रों में अध्ययन खेल के प्रति उत्साह का संचार होता है। संस्थान की छात्रा अनु कुमारी ने कबड्डी खेल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसे साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं दूसरे क्रम पर आदर्श कुमार तथा तीसरे क्रम पर अंजली कुमारी और धंसिका कुमारी थे। सभी छात्रों को खेलो भारत का प्रमाण पत्र और मैडल दिया गया। वहीं दूसरी और वार्षिक परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया। वर्ग नौ की अंजली कुमारी, आयुष कुमार, वर्ग आठ सनी कुमार, वर्ग सात जिया कुमारी, साक्षी कुमारी, अनीश कुमार, आधार-तृतीया आयुष कुमार, रागिनी कुमारी को सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर अभाविप नेतृत्वकर्ता के रूप में अजय कुमार, सिद्धार्थ कुमार, अनीश कुमार, प्रियांशु कुमार आदि उपस्थित थे।

## बड़हरिया : घर का ताल तोड़ दो लाख के आभूषण व एक लाख नकद चोरी

**सीवान।** बड़हरिया थाना के महत 600 मीटर की दूरी पर कोइरीगांवा- यमुनागढ़ स्थित एक मकान का ताला तोड़ चोरों ने 15 नवंबर की रात दो लाख के आभूषण एवं करीब एक लाख रुपये की चोरी कर ली। इस मामले में मकान मालिक वीरेंद्र शर्मा ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गृहस्वामी ने बताया कि शनिवार की रात परिवार के सभी सदस्य भोजन कर सो गए थे। तभी चोर पिछले दरवाजे से घर में प्रवेश कर गए तथा कमरे का ताला तोड़ अंदर में प्रवेश कर गए तथा अलमीरा व बक्सा का तोड़कर दो लाख के आभूषण तथा एक लाख रुपये नकद की चोरी कर ली और फरार हो गए। जब स्वजनों की नींद खुली तो घर में बिखरा सामान देख कर दंग रहे गए। चोरी की घटना की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। गृहस्वामी ने घटना की सूचना थाना को दी। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना नहीं है। सूचना मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

